पेट्रोल पम्प की रकम में घोटाला

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती- स्थानीय बाइपास रोड स्थित चक्रधर पेट्रोल पम्प की वसूली की रकम में 47 हजार रुपये का घोटाला वहीं कार्यरत दो कर्मियों द्वारा किया गया.दोनों कर्मियों पर बडनेरा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है.जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह चक्रधर पेट्रोल पम्प के हेमंत मधुकर पुंड(57) ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि पेट्रोल पम्प पर कार्यरत आनंद धनराज ठाकरे व संदीप विनायकराव येतने (दोनों पलसखेड़) को पेट्रोल बिक्री की 1 लाख 74 हजार 550 रुपये की रकम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा करने के लिए दी गई थी. दोनों आरोपियों ने दी गई रकम में से 47 हजार रु. निकालकर घोटाला किया. पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 408, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

अफरोज खान ने की आत्महत्या

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती-खोलापुरी गेट पुलिस थाना क्षेत्र के हनुमान नगर निवासी अफरोज खान अमान खान ने शुक्रवार की दोपहर अपने घर में फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली.बताया जाता है कि शिकायतकर्ता अय्याज खान अमान खान शुक्रवार की दोपहर पोहरा स्थित दरगाह पर दर्शन के लिए गए थे. तभी उन्हें उनके दोस्त ने फोन पर जानकारी दी कि उनके छोटे भाई अफरोज खान अमान खान ने अपने मकान में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगा आत्महत्या की है. जानकारी मिलते ही अय्याज खान तत्काल इर्विन अस्पताल पहुंचे,तब तक परिसरवासियों की मदद से अफरोज को उपचार के लिए इर्विन अस्पताल में लाया गया था. डॉक्टरों ने जांच के बाद अफरोज खान को मृत घोषित किया. अय्याज की शिकायत पर आकस्मित मौत का मामला दर्ज किया गया है.

शहर की सड़कें बनीं 'भूलभूलैया'

सीमेंट क्रांकीटीकरण कार्य के कारण कई प्रमुख मार्ग बंद : कुछ अन्य सड़कों पर भी आवागमन होगा ठप

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती- जिस प्रकार लखनऊ का 'भूलभूलैया' विश्व के 7 अजूबों में शामिल है, उसी तरह अमरावती शहर की सड़कें इन दिनों किसी अजूबों से कम नहीं हैं. कहां से शुरू और कब कहां से बंद, इससे वाहन चालक परेशान हैं. शहरवासियों को इन दिनों वाहन चलाते समय सड़कें 'भूलभूलैया' लग रही हैं. जिन लोगों ने प्रत्यक्ष में 'भूलभूलैया' का अवलोकन नहीं किया उनके लिए सीमेंट कांक्रीटीकरण के कार्य यह अवसर प्रदान कर रहे हैं. बच्चों में प्रसिद्ध 'सांप सीढ़ी' के खेल का अनुभव वाहन चालकों को इन दिनों सड़कों पर चलते समय मिल रहा है. जिस प्रकार 'सांप सीढ़ी' में सांप के मुंह के समक्ष आने पर गोटी सीधे पूंछ पर आ जाती है कुछ उसी तर्ज पर वाहन चालक जिस मार्ग से निकलते हैं सामने सड़क निर्माण कार्य शुरू रहने के कारण वापस उसी मार्ग पर पहुंच रहे हैं. ऐसे विपरीत परिस्थितियों का सामना शहरवासियों को खास कर वाहन चालकों को करना पड़ रहा है.

शहर की प्रमुख सड़कों पर इन दिनों सीमेंट कांक्रीटीकरण का जाल बिछाया जा रहा है. इस निर्माण कार्य के कारण बहुतांश सड़कों से एक छोर से ही आना-जाना करना पड़ रहा है. एक सिरे से जाना व उसी सिरे से आना इस प्रकार का मंजर अधिकांश सड़कों पर दिखाई दे रहा है. सड़क कांक्रीटीकरण व रेलवे ब्रिज निर्माण कार्य के कारण शहर के 5 प्रमुख मार्ग बंद हैं. जिसमें रूक्मिणी नगर चौक से श्याम नगर का मार्ग 1 अगस्त से 30 सितंबर तक बंद रखा गया है. तिवसा जिन से शेगांव नाका 14 सितंबर से 14 नवंबर तक बंद रखा गया है. इस मार्ग का अधिकांश कार्य पूर्ण हुआ है. कुछ कार्य के कारण यह मार्ग अभी भी बंद रखा गया है. अगर तेज गति से काम किया जाता तो यह मार्ग आवागमन के लिए प्रशस्त हो उठता, लेकिन ऐसा हुआ नहीं, निर्धारित अवधि में भी काम पूर्ण होगा कि नहीं इस पर तर्क-वितर्क शुरू है. विदित हो कि इसके पूर्व भी इस मार्ग के निर्माण कार्य हेतु समय वृद्धि दी गई. जयस्तंभ से मालवीय चौक की ओर का मार्ग 28 जुलाई से 7 अक्टूबर तक बंद किया गया है. शेगांव नाका से उपज मंडी समीप देशमुख पेट्रोल पम्प तक का मार्ग 8 सितंबर से 7 नवंबर तक बंद रखा गया है. इस मार्ग पर करीब 1 वर्ष से काम शुरू है. पहले भूमिगत गटर योजना का कार्य उसके बाद मजीप्रा के द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया. अब इस मार्ग पर सीमेंट कांक्रीटीकरण का कार्य शुरू है. 8 सितंबर से अधिकृत रूप में यातायात पुलिस ने इस मार्ग को बंद किया है. सुंदरलाल चौक से पुलिस आयुक्त कार्यालय तक 18 सितंबर से 17 नवंबर तक यह सड़क सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य के कारण बंद की गई है.

बिना अनुमति के ही कार्य

राजापेठ पुलिस थाना अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में सड़क निर्माण का कार्य मनपा की ओर से शुरू है. इन ठेकेदारों में से कुछ ठेकेदारों ने सड़क से आवागमन बंद के संदर्भ में यातायात पुलिस से अनुमति नहीं ली, ऐसी जानकारी सूत्रों से मिली है. शहर में चर्चा है कि कुछ जनप्रतिनिधि अपने 'चेले-चपाटों' को ठेका देकर 'घाबरू नको मी सोबत आहे' ऐसे शब्दों में मनोबल बढ़ाकर यातायायात पुलिस की अनुमति की जरूरत नहीं है समय आने पर देख लेंगे, ऐसा पाठ पढ़ाकर काम शुरू करवाया है.

प्रस्तावित बंद सड़कों का ब्यौरा

वर्तमान में शहर की प्रमुख सड़कों पर सीमेंट कांक्रीटीकरण के कार्य शुरू रहने के कारण यहां से आवागमन ठप सा किया गया है. आने वाले समय में और भी कुछ सड़कों को बंद करने की योजना है. उक्त कार्य पूर्ण होने के पूर्व ही अगर यह सड़कें आवागमन के लिए बंद की गई तो वाहन चालकों के अलावा अन्य नागरिकों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है.

लोकनिर्माण विभाग की ओर से यातायात पुलिस से जयस्तंभ चौक-श्याम चौक, नवाथे- रॉयल इन, सरोज टॉकीज से चित्रा टॉकीज, दीपक चौक से शिवलहरी हॉस्पिटल, मालटेकड़ी से डिपो के अलावा नागपुरी गेट समीप निर्माण हो रहे उडान पुल के तीन पीलरों के लिए एकेडमी स्कूल के सामने का मार्ग 17 नवंबर से बंद किया गया है. 16 दिसंबर तक यह मार्ग बंद रहेगा.

नगर वाचनालय मार्ग 'भगवान भरोसे'

नगर वाचनालय से लेकर बापट चौक तक तथा बापट चौक से प्रभात चौक की ओर के मार्ग पर कुछ दिनों पूर्व भूमिगत गटर व मजीप्रा के द्वारा पाइप लाइन बिछाने के कार्य के चलते सड़क की खुदाई की गई .खुदाई के बाद पाइप लाइन व गटर का कार्य किया गया. खुदाई के दौरान सड़क के किनारे जो ब्लॉक लगाए गए थे, उसे संबंधित ठेकेदार ने उखाड़ दिए. काम पूर्ण होने के बाद सड़क की मरम्मत का जिम्मा ठेकेदार पर रहता है, लेकिन यहां ऐसा दिखाई नहीं दे रहा. सड़क के किनारे पेविंग ब्लॉक पर हाथगाड़ियां लगती थीं, लेकिन खुदाई के कारण यहां हाथगाड़ियां सड़क तक पहुंच गई हैं. जिससे सड़क संकरी हो गई है.चार पहिया वाहन से गुजरना इस मार्ग से संभव नहीं है, ऐसी तस्वीर दिखाई दे रही है.

राजापेठ रेलवे क्रॉसिंग गेट भी बंद

19 जुलाई से राजापेठ रेलवे क्रॉसिंग गेट बंद कर रही सही कसर प्रशासन ने पूर्ण की है. राजापेठ रेलवे क्रॉसिंग पर उड़ान पुल का कार्य शुरू रहने के कारण इस क्रॉसिंग गेट को एक वर्ष के लिए बंद किया गया है. यह गेट बंद होने के कारण ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शहर दो हिस्सों में बट गया है.

यातायात पुलिस लाचार

लोकनिर्माण विभाग की ओर से सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य के लिए सड़क से आवागमन बंद करने की अनुमति का पत्र यातायात पुलिस को दिया जा रहा है. यातायात पुलिस 60 दिनों के लिए मार्ग बंद करती है. लेकिन पर्यायी व्यवस्था जरूरी है. एक काम पूर्ण होने के पूर्व ही लोकनिर्माण विभाग दूसरी सड़क से आवागमन बंद करने की अनुमति लेकर काम शुरू कर रहा है. यातायात पुलिस अगर अनुमति नहीं देती है तो उन पर विकासकार्य में बाधा निर्माण करने का ठीकरा फोड़ा जा सकता है. इस लाचारी के कारण यातायात पुलिस सड़क से आवागमन बंद करने की सूचना जारी करती है. निर्धारित अवधि में संबंधित ठेकेदार को काम पूर्ण करना चाहिए, लेकिन इस ओर लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के कारण नागरिकों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है.

धूमधाम से मना उदासीनाचार्य श्रीचंद्रजी भगवान का 524वां जन्मोत्सव

25 को महाप्रसाद

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती - प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी उदासीनाचार्य श्रीचंद्रजी भगवान का 524 वां जन्मोत्सव भाद्रपद शुक्ल नवमी के अवसर पर मंगलवार को समूचे देश में उदासीन संप्रदाय के अखाड़ों में बड़ी धूमधाम से मनाया गया. साथ ही देश के अलग-अलग शहरों में स्थित उदासीन अखाड़ों में इस उपलक्ष्य में विविध धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं. जिसके तहत स्थानीय सर्राफा बाजार परिसर के सक्करसाथ क्षेत्र में स्थित श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण में शनिवार, 23 सितंबर से अखंड रामायण का पाठ सोमवार 25 सितंबर को महाप्रसाद का आयोजन किया गया है. यहां जारी विज्ञप्ति में उक्त जानकारी देते हुए श्री पंचायत अखड़ा नया उदासीन निर्वाण (अमरावती) के महंत सूरजमुनि ने सभी उदासीन संप्रदायियों सहित धर्मशील जनता से इस आयोजन में बड़ी संख्या में हिस्सा लेने की अपील की है.

कौन है श्री चंद्रजी भगवान - उदासीन संप्रदाय के संस्थापक जगतगुरू श्री चंद्रजी भगवान गुरूनानक देव जी के बड़े पुत्र थे. तथा उन्होंने अपने बाल्यकाल से ही लोगों को धर्म, सेवाभाव तथा भाईचारे का उपदेश देना शुरू कर दिया था. उदासीन संप्रदाय के आचार्य कहलाने वाले श्रीचंद्रजी ने अपने जीवनकाल में कई बादशाहों, नवाबों व राजा महाराजाओं को सतमार्ग पर चलना सिखाया.

गुरुकुल एम्बुलेंस का लोकार्पण

अमरावती : गुरुकुल एम्बुलेंस का लोकार्पण करते पालकमंत्री प्रवीण पोटे, तुषार भारतीय व अन्य.

तुषार भारतीय द्वारा बडनेरावासियों को भेंट

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती - मनपा साईनगर प्रभाग के पार्षद व स्थायी समिति के पूर्व सभापति तुषार भारतीय के जन्मदिवस निमित्त पालकमंत्री प्रवीण पोटे व विधायक डॉ. सुनील देशमुख के हाथों बडनेरावासियों के लिए गुरुकुल एम्बुलेंस का बड़े उत्साह के साथ लोकार्पण किया गया. इस समय बीते एक माह से शहर से गायब बारिश ने भी जोरदार हाजिरी लगाई.

पार्षद तुषार भारतीय द्वारा संचालित गुरुकुल बहुउद्देश्यीय संस्था द्वारा संचालित गुरुकुल एम्बुलेंस का बडनेरा साप्ताहिक मंडी में लोकार्पण किया गया. इस समय पालकमंत्री प्रवीण पोटे, विधायक डॉ. सुनील देशमुख, सुनील काले, अजय समदुरकर, शिवराय कुलकर्णी, चेतन गावंडे व भाजपा की आगामी लोकसभा चुनाव की प्रत्याशी सीमा सालवे उपस्थित थीं. पालकमंत्री प्रवीण पोटे के हाथों तुषार भारतीय को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया. इसके साथ ही बडनेरा हिंदू सेना, बजरंग दल की ओर से सम्मान किया गया. जगदंबा मंडल द्वारा तुषार भारतीय को तलवार भेंट की गई. इस समारोह में अपने संबोधन के दौरान पालकमंत्री पोटे ने बताया कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्य में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के माध्यम से सभी गरीबों को भाजपा द्वारा शुरु सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंच रहा है. इसी के तहत तुषार भारतीय ने बडनेरा के मरीजों को तुरंत औषधोपचार मिलने के लिए सभी सुविधाओं से लैस एम्बुलेंस बडनेरा में भेंट देने का संकल्प किया. बडनेरा के प्रत्येक व्यक्ति के मुंह से सिर्फ व सिर्फ तुषार भारतीय की तारीफ सुनाई दे रही है. लोकार्पण के अवसर पर सुरेखा लुंगारे, स्वाति कुलकर्णी, गंगा अंभोरे, रेखा भुतड़ा, सुनंदा खरड, अर्चना धामणे, अलका सप्रे, लता देशमुख, भारती डेहणकर, सविता भागवत, पूजा जोशी, सतनाम कोर, प्रकाश बनसोड़, इमरान भाई, अजय समदुरकर, शिवराय कुलकर्णी, बादल कुलकर्णी, चेतन गावंडे, बलदेव बजाज, धीरज हिवसे आदि मान्यवर उपस्थित थे.

पीआर पोटे में कृत्रिम तालाब में गणेश विसर्जन

धूमधाम के साथ मनाया इकोफ्रेंडली उत्सव

अमरावती : गणेश मूर्ति के साथ पी.आर. पोटे स्कूल के शिक्षक.

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती-स्थानीय पीआर पोटे पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में इकोफ्रेंडली गणेश की स्थापना बड़े ही भक्ति के साथ की गई थी.

गणेश की विधीवत स्थापना के पश्चात गणेश विसर्जन पर होने वाले प्रदूषण व उससे होने वाली समस्याओं के प्रति विद्यार्थियों में जनजागृत लाने के उद्देश्य से स्थानीय पीआरपोटे पाटिल स्कूल में पर्यावरणपूरक मिट्टी के गणेश का कृत्रिम तालाब में पूजा-अर्चना के साथ विसर्जन किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य खेरडे, प्रा. रहाटगांवकर व संचालिका मंजुला नायक उपस्थित थे.

पर्यावरण के संबंध में विद्यार्थियों में जनजागृति हो, इस हेतु स्कूल द्वारा उक्त उपक्रम चलाया गया. कृत्रिम तालाब में मूर्ति का विसर्जन करने के पश्चात मिट्टी का प्रयोग पुनः करने तथा गणेश पर अर्पित दुर्वा, हार व फूल से खाद निर्माण करने का जानकारी इस दौरान संचालिका मंजुला नायर ने दी.

गणेशोत्सव दौरान स्कूल में विविध उपक्रमों का आयोजन किया गया. जिसमें चित्रकला स्पर्धा, भजन स्पर्धा आदि का समावेश रहा. गणेश विसर्जन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई. जिसमें स्कूल का लेजिम पथक आकर्षण का केंद्र रहा. गणेश विसर्जन पश्चात सभी को मोदक व प्रसाद वितरित किया गया. शोभायात्रा से संपूण स्कूल परिसर भक्तिमय हो गया था.

इस अवसर पर कक्षा छठवीं से कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों सहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

हे गणेशजी, मनपा प्रशासन को सद्बुद्धि दो

विधायक रवि राणा ने लगाई गणपति बाप्पा से गुहार

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती- हे गणेशजी, मनपा प्रशासन को सद्बुध्दि दो व डेंगू सहित शहर में कचरे की समस्या से फैल रही बीमारियों से जनता की रक्षा करो, इस प्रकार की दिल से गुहार विविध गणेश मंडलों में भेंट के दौरान गणपति के सामने बडनेरा के विधायक रवि राणा ने लगाई है. बीते कई दिनों से कई बार मनपा प्रशासन को प्रत्यक्ष स्थिति दिखाने के बावजूद भी अभी भी प्रशासन को जनता के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी व शहर की सड़कों पर बने हुए गड्ढों को पाटने की सद्बुध्दि प्राप्त नहीं हुई है. इसलिए विघ्नहर्ता गणपति से मनपा प्रशासन को सद्बुध्दि देने की प्रार्थना विधायक रवि राणा की है.

डेंगू सहित शहर में मौजूद कचरे की समस्या, शहर में बढ़ती जा रही अस्वच्छता, बढ़ती महंगाई, लगातार नाउपज सहने वाले किसान पर इस बार भी मार पड़ने का खतरा जिले में निर्माण हुआ है. मामूली कर्जमाफी व अब विविध संकटों से घिरे परेशान किसान 7/12 कोरा होने की प्रतीक्षा में हैं. ऐसी कठिन स्थिति में हे गणपति महाराज सभी आम नागरिकों, मेहनतकश मजदूरों, किसानों के जीवन में उजियारा फैलाने व खुशियां देने की प्रार्थना गणेशजी से विधायक रवि राणा ने विविध गणेश मंडलों में पहुंचकर की. वहां के पदाधिकारियों से चर्चा की. संबंधित इलाकों की समस्याएं भी सुनी. इन मंडलों में विठ्ठल रुक्मिणी गणेश मंडल, अष्टविनायक गणेश मंडल (वरुडा), श्री कालीकामाता गणेश मंडल (सबनिस प्लॉट), व्यंकटेश युवा गणेश मंडल (व्यंकटेश कॉलोनी), कृष्ण मयूर गणेश मंडल (नवाथे), जय बालाजी गणेश मंडल (बेलपुरा), वंदे मातरम गणेश मंडल (बेलपुरा), आर.सी.सी. गणेश मंडल (बेलपुरा), गणराज उत्सव गणेश मंडल (बेलपुरा), अष्टविनायक गणेश मंडल (सिंधु नगर), संत कंवरराम गणेश मंडल (कवर नगर), एकता गणेश मंडल (बडनेरा), सार्वजनिक गणेश मंडल (आठवड़ी बाजार नवीबस्ती, बडनेरा), वीर राणा गणेश मंडल (लढ्ढा प्लॉट बडनेरा), स्वराज्य गणेश मंडल (महावीर भवन, बडनेरा), अमर गणेश मंडल (नवीवस्ती बडनेरा), पवनसुत गणेश मंडल (पवन नगर बडनेरा), संकट मोचन गणेश मंडल (शिवाजी नगर बडनेरा), शिवाजी गणेश मंडल (बारीपुरा बडनेरा), दोस्ती गणेश मंडल (जुनीबस्ती बडनेरा), न्यू प्रशांत गणेश मंडल (बारीपुरा बडनेरा), जयहिंद गणेश मंडल (बारीपुरा बडनेरा), सूर्योदय गणेश मंडल (इंगोले पुरा), युवाशक्ति गणेश मंडल (सावकारपुरा), कार्तिक गणेश मंडल (बारीपुरा), भगतसिंह गणेश मंडल (भगतसिंह चौक), आसरा माता गणेश मंडल, बालाजी गणेश मंडल, लोकमान्य गणेश मंडल, वीर लहू गणेश मंडल (भागपुरा), मरीमाता गणेश मंडल (कंपासपुरा), सजनाजी गणेश मंडल, सुदर्शन क्रीड़ा गणेशोत्सव मंडल (शंकर नगर), श्री राष्ट्रसंत माऊली मंडल (पवन नगर नं.2), मां दुर्गा गणेशोत्सव मंडल (गुरुकृपा कॉलोनी, गोपाल नगर), बाल गणेशोत्सव मंडल (धनराज नगर, गोपाल नगर), शिवछत्रपति गणेशोत्सव मंडल (चवरे नगर), गुणवंत गणेशोत्सव मंडल (चवरे नगर), बाल गणेशोत्सव मंडल (चवरे नगर), युवा संघर्ष गणेशोत्सव मंडल (सरोज कॉलोनी), महारुद्र गणेशोत्सव मंडल (बेनोड़ा), मंगलमूर्ति गणेशोत्सव मंडल (गांधी आश्रम), श्री शिवशंकर गणेशोत्सव मंडल (शंकर नगर) आदि गणेश मंडलों में विधायक रवि राणा ने पहुंचकर गणपति बाप्पा से मनपा को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना व गुहार लगाई है.

अमरावती : गणेशजी की आरती करते विधायक रवि राणा.

अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाधिवेशन 5 व 6 जनवरी को

जोधपुर में दो दिवसीय महाआयोजन

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती- अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की ओर से आगामी जनवरी 2019 में अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाधिवेशन का आयोजन किया गया है. माहेश्वरी महाकुंभ में करीब 50 हजार से ज्यादा माहेश्वरी समाज बंधूओं की उपस्थिति की संभावना है. इस अंतरराष्ट्रीय महाअधिवेशन को सफल बनाने के लिए महासभा के सभापति श्यामसुंदर सोनी, महामंत्री संदीप काबरा व उनकी टीम प्रयासरत है.

बता दे कि अमरावती जिला माहेश्वरी समाज का गढ़ है और इस जिले से ज्यादा से ज्यादा समाजबंधू अधिवेशन में उपस्थित रहे, इस हेतु प्रयास किए जा रहे है. अंतरराष्ट्रीय महाधिवेशन के उद्घाटन हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है. साथ ही केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, पीयूष गोयल, राजस्थान के मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उपस्थित रहने की संभावना है. महाअधिवेश की आयोजन समिति के मुख्य सरंक्षक के रूप में जोधपूर के महाराजधिराज गजसिंह द्वितीय ने अपनी स्वीकृति दी है, साथ ही जोधपूर के सांसद एंव केंद्रीय राज्यमंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने भी सरंक्षक के रूप में अपनी स्वीकृति आयोजन समिति को दी है.

सूर्यप्रकाश मालाणी

ज्ञात हो कि अमरावती जिले से माहेश्वरी समाजबंधु अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाधिवेशन में आना चाहते है, उनकी सहायता तथा उनका रजिस्ट्रेशन करने के लिए जिला संगठन ने डॉ. सूर्यप्रकाश मालाणी को संयोजक के रूप में नियुक्त किया है. इच्छुक समाजबंधु सामाजिक आवास व्यवस्था में रहना चाहते उन्हें दो दिनों के लिए 1500 रुपए पंजीयन शुल्क व जीएसटी शुल्क मिलाकर 1780 रुपए देकर रजिस्ट्रेशन करवाना होंगा. पंजीकृत सभी प्रतिनिधियों के निवास व अल्पोहार एंव भोजन महाप्रसादी की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की जाएंगी. दो दिवसीय महाधिवेशन में कई चिंतनीय विषय के तहत संस्कृति और संस्कार, बदलते परिवेश में युवा आशाएं, विश्वास एवं विकास, अंतराल पीढ़ियों का, घटती जनसंख्या, बढ़ता लिंगानुपात, जीवनसाथी चयन की कसौटी, महिला बहुमुखी विकास आदि विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी. अधिवेशन दौरान 4 से 7 जनवरी के बीच माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो का आयोजन किया है. इस एक्सपो के माध्यम से समाज की औद्योगिक एंव व्यवसायिक विकास यात्रा एंव क्षमता का प्रदर्शन साथ ही विशाल प्रदर्शनी के माध्यम से महासभा की विकास यात्रा, समाज संगठन की विकास यात्रा एंव समाज के विराट स्वरूप के दर्शन की प्रस्तुति दी जाएगी. एक्सपो के माध्यम से अमरावती जिले के सभी माहेश्वरी युवक-युवतियों को नए व्यवसाय शुरू करने की जानकारी व पर्याप्त मार्गदर्शन प्राप्त होगा. जिले के सभी माहेश्वरी समाजबंधुओं से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित हो अधिवेशन का लाभ ले. इच्छुक समाजबंधु अधिवेशन में शामिल होने हेतु अमरावती जिला संयोजक डॉ. सूर्यप्रकाश मालाणी 9867167383, 8178630643 पर संपर्क कर सकते है.

ऑटोरिक्शा जांच मुहिम 26 से

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती- शहर में आरटीओ व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त तौर पर ऑटोरिक्शा जांच मुहिम 26 सितंबर से शुरु की जायेगी. जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सदस्यों ने अवैध यातायात, प्रदूषण आदि विषय उपस्थित किये थे. इसकी दखल आरटीओ ने ली. इसके अनुसार यात्रियों की यातायात करने वाले व निजी कैटेगिरी में पंजीकृत ऑटोरिक्शा की जांच की जाने वाली है. ऑटो चालकों को पंजीयन प्रमाणपत्र, मोटर वाहन टैक्स, योग्यता प्रमाणपत्र, वाहन चलाने के लाइसेंस, बीमा, धुआं प्रदूषण का प्रमाणपत्र आदि संबंधित कागजात साथ रखने के निर्देश आरटीओ के गित्ते ने दिए हैं. शहर की प्रमुख सड़कों पर ऑटोरिक्शा की जांच की जाने वाली है.